
**खबर संक्षेप**

### ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों के विरूद्व चैकिंग की कार्यवाही



**मण्डला।** कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के आदेशानुसार जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे द्वारा ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों के विरूद्व चैकिंग की कार्यवाही के तहत बुधवार को मण्डला-नैनपुर मार्ग पर 22 वाहनों की जांच की गई, जिसमें वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, लायसेंस, मोटरयान कर एवं ओव्हर लोडिंग आदि की जांच की गई। चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 51 एचए 0151, एमपी 04 एचई 6191 एवं एमपी 37 जीए 2610, ओव्हरलोड संचालन करते पाये गये, जिसमें मोटरयान अधिनियम के तहत 55000 एवं अन्य 3 वाहनों में फिटनेस पीयूसी एवं अन्य धाराओं पर 17000 कुल 72000 की चालानी कार्यवाही की गई। चैकिंग में परिवहन जांच दल के जे.पी. उइके एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा। वाहनों की जांच लगातार जारी रहेगी।

### आज होगा प्रावीण्यता हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

**मण्डला।** हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रदेश तथा जिले की प्रावीण्यता सूची में शामिल सभी विद्यार्थियों का कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा गुरूवार 25 अप्रैल 2024 को दोपहर 2:30 बजे से जिला योजना भवन में सम्मान किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े ने संबंधित विद्यार्थियों तथा उनके पालकों से निर्धारित समय में जिला योजना भवन में पहुंचने का आग्रह किया है।

### गुणवत्ता के मानकों में की गई आंशिक शिथिलता

**मण्डला।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन हेतु एफएक्यू अनुसार निर्धारित सीमा एवं शिथिलता उपरांत निर्धारित सीमा में क्रमशः सिकुड़े एवं टूटे दाने 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक चमकविहीन 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त दाने 2 से बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक एवं आंशिक क्षतिग्रस्त दाने 4 से बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की गई है। मंगलवार को स्लॉट किसान 5081 में से 1943 किसानों के द्वारा 13227.79 मे.टन का गेहूं विक्रय उपार्जन केन्द्रों में किया जा चुका है।

**दसवी के 6 तथा बारहवी के 8 विद्यार्थियों ने बनाया प्रदेश मेरिट लिस्ट में स्थान**

# प्रदेश में अव्वल आई अनुष्का अग्रवाल

*** बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला








माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में जिले की अनुष्का अग्रवाल ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा दसवी की मेरिट लिस्ट में जिले के 6 तथा कक्षा बारहवी की मेरिट लिस्ट में जिले के 8 विद्यार्थी शामिल हैं। जिले में कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम 70.75 प्रतिशत तथा कक्षा बारहवी का परीक्षा परिणाम 69.31 प्रतिशत रहा है। कक्षा बारहवी की परीक्षा में जिले में शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम 69.71 प्रतिशत तथा अशासकीय स्कूलों का 65.9 प्रतिशत रहा है। इस सफलता पर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सभी विद्यार्थियों, पालक, शिक्षकगण तथा संबंधित अधिकारियों को बधाई प्रेषित की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला जिले में कक्षा दसवी में कुल 13033 विद्यार्थी दर्ज थे जिनमें 6053 छात्र तथा 6980 छात्रा शामिल हैं। 5957 छात्र एवं 6933 छात्रा सहित कुल 12890 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिले में 9120 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं जिनमें 4052 छात्र एवं 5068 छात्राएं सम्मिलित हैं। 2012 छात्र और 3023 छात्राएं सहित 5035 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 1982 छात्र तथा 2003 छात्रा सहित कुल 3985 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 58 छात्र एवं 42 छात्रा सहित कुल 100 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। 1562 विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता है जिनमें 702 छात्र तथा 860 छात्राएं शामिल हैं। 1203 छात्र तथा 1005 छात्राएं सहित 2208 विद्यार्थी कक्षा दसवी की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में छात्रों का सफलता प्रतिशत 68.02 तथा छात्राओं का सफलता प्रतिशत 73.09 रहा है।


इसी प्रकार मंडला जिले में कक्षा बारहवी में कुल 10505 विद्यार्थी दर्ज थे जिनमें 4763 छात्र तथा 5742 छात्रा शामिल हैं। 4728 छात्र एवं 5713 छात्रा सहित कुल 10441 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिले में 7237 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं जिनमें 3135 छात्र एवं 4102 छात्राएं सम्मिलित हैं। 1834 छात्र और 2829 छात्राएं सहित 4663 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 1291 छात्र तथा 1267 छात्रा सहित कुल 2558 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 10 छात्र एवं 6 छात्रा सहित कुल 16 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। 1434 विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता है जिनमें 661 छात्र तथा 773 छात्राएं शामिल हैं। 932 छात्र तथा 838 छात्राएं सहित 1770 विद्यार्थी कक्षा बारहवी की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। हायरसेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में छात्रों का सफलता प्रतिशत 66.31 तथा छात्राओं का सफलता प्रतिशत 71.80 रहा है।



कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / /बारा/2024 भोपाल, दिनांक 24/04/2024

: विज्ञप्ति :



कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / /बारा/2024 भोपाल, दिनांक 24/04/2024

: विज्ञप्ति :

### इन्होंने बढ़ाया मंडला जिले का गौरव

हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा के परिणामों में मंडला जिले के 14 विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर पर प्रावीण्यता हासिल की है जिनमें कक्षा दसवी के 6 तथा बारहवी के 8 विद्यार्थी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार हाईस्कूल की प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में ज्ञान ज्योति इंग्लिश मीडियम नैनपुर की अनुष्का अग्रवाल ने प्रथम, खुशबू कुमारी ने चौथा, हिमांशु शोभावत ने सातवां, जय नाहटा ने आठवां तथा अनन्या पटेल एवं सेंट एलॉसियस पब्लिक स्कूल नैनपुर जोया फातिमा ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हायरसेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रदेश स्तरीय प्रावीण्यता सूची में कला समूह में उत्कृष्ट विद्यालय मंडला की चेतना कछवाहा ने चौथा एवं मुस्कान कुशराम ने पांचवा स्थान हासिल किया। गणित समूह में कन्या उ.मा.वि. अंजनिया की सृष्टि दुबे ने सातवा एवं हायरसेकेंडरी स्कूल निवास की सुहानी दुबे ने नौवा स्थान हासिल किया। वाणिज्य समूह में ज्ञानज्योति नैनपुर की दिया कोटवानी ने दूसरा एवं भारतज्योति विद्यालय मंडला की अनादि कुसमारिया ने पांचवा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार जीव विज्ञान समूह में ज्ञानज्योति नैनपुर की प्रेक्षा राजपूत ने द्वितीय एवं मेहर कुरैशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रेत चोरी कर ट्रेक्टर में परिवहन करने वाले चालक एवं मालिक को कारावास एवं जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपी दिलीप मरावी पिता प्रीतम मरावी उम्र 20 वर्ष निवासी निचली थाना किन्दरई एवं गेन सिंह मरावी पिता भजन लाल मरावी उम्र 54 वर्ष निवासी बुदेहरा थाना किन्दरई जिला सिवनी को धारा 379, 414 भादवि में एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, कि दिनांक 11.07.2020 के रात करीब 02.30 बजे माली मोहगांव एवं मानादेही के बीच मेन रोड पर ट्रेक्टर क्र.एम.पी.22 ए.बी.-1660 के चालक अभियुक्त दिलीप मरावी को बिना रॉयल्टी रेत उत्खनन करते पाये जाने पर प्रधान आरक्षक क्र.26 कृष्ण कुमार शुक्ला द्वारा कार्यवाही की गई थी। कार्यवाही के दौरान ट्रैक्टर ट्राली मय रेत को जप्त कर कार्यवाही के संबंध में प्रतिवेदन खनिज विभाग मंडला को भेजा गया था खनिज कार्यालय मंडला द्वारा आरोपी चालक/मालिक को जुर्माना प्राप्त करने उपरांत खनिज अधिनियम अन्तर्गत कार्यवाही समाप्त करते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 28.11.2020 को खनिज शाखा मंडला का पत्र क. खनिज-1/2020/1439 मंडला दिनांक 27. 11.2020 मय दस्तावेजों के अवैध रेत चोरी कर परिवहन से संबंधित प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध करवाने थाना महाराजपुर पत्र प्रेषित किया गया जिस पर थाना महाराजपुर ने आरोपी चालक दिलीप मरावी तथा वाहन स्वामी गेनसिंह मरावी के विरूद्ध अपराध क्र.443/20 धारा 379,414 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपी दिलीप मरावी पिता प्रीतम मरावी उम्र 20 वर्ष निवासी निचली थाना किन्दरई एवं गेन सिंह मरावी पिता भजन लाल मरावी उम्र 54 वर्ष निवासी बुदेहरा थाना किन्दरई जिला सिवनी को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री रमेशचन्द्र मिश्रा के द्वारा की गई है।

### हाई स्कूल की दसवीं परीक्षा में वंशिका ने प्रथम स्थान किया



**अंजनिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा में बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। इसी कड़ी में मंडला जिले के अंजनिया ग्राम के कक्षा दसवीं में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी वंशिका पटेल पिता संदीप पटेल निवासी ग्राम अंजनिया ने 500 अंकों में से 469 अंक (93.8प्रतिशत) अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय परिवार और परिवार जनों की ओर से छात्रा को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की गई है।

### आर्यन विद्यालय में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**अंजनिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 कक्षा बारहवीं में सी एम राइज विद्यालय अंजनिया के छात्र आर्यन पटेल पिता स्व.श्री अजीत पटेल निवासी ग्राम मांद ने 500 अंकों में से 448 अंक (89.6प्रतिशत) अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## कार्य की प्रगति देखने बैगा हितग्राहियों के घर पहुंची कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नारायणगंज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्राम बम्हनी में बैगा हितग्राही राजकुमार तथा संजय सलदड़िया के घर जाकर जनमन योजना के तहत पूर्व से स्वीकृत आवास निर्माण की प्रगति देखी। उन्होंने कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित उपयंत्री हितग्राहीवार समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को जल्द पूर्ण कराएं। आवास कार्यों की समुचित मॉनिटरिंग नहीं करने पर कलेक्टर ने उपयंत्री, ग्राम पंचायत सचिव तथा जीआरएस को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में विश्व स्वास्थ्य दिवस सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में दिनांक 24 अप्रैल 2024 को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. विजेन्द्र चौरसिया ने महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों से आग्रह किया कि विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाने के लिए अल्प मात्रा में गुड़ का सेवन करें एवं अंकुरित अनाज का भी सेवन यदाकदा करें। इस कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती सैयद निहा द्वारा किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये चित्रों का अवलोकन डॉ. श्रीकांत श्रीवास्तव, श्रीमती विनिया बेनेट, सुश्री मनीषा सूर्या, डॉ. मनीक्षा मरकाम, डॉ. सपना द्विवेदी, डॉ. शिल्पा कौरव, श्रीमती अनुराधा पाण्डे ने किया। प्रतियोगिता में कु. शालिनी पटैल, बी.एससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम, कु.मेघा यादव बी.कॉम तृतीय वर्ष ने द्वितीय एवं भुवनेष्वरी एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**निरीक्षण** | **दिसम्बर तक पूर्ण करें कार्य, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।**

# कलेक्टर ने किया जल प्रदाय योजना का निरीक्षण

*** झांझनगर में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बुधवार को नारायणगंज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने मंडला-जबलपुर सहित अन्य मार्ग, नारायणगंज-बीजाडांडी समूह जल परियोजना के तहत झांझनगर में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, उपार्जन केन्द्र तथा बैगा हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया।

मंडला-जबलपुर मार्ग के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोंडरामाल के डायवर्सन कार्य को 15 दिवस में पूर्ण करें। इसी प्रकार चुटका-टिकरिया मार्ग का कार्य बंद होने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मनोज भास्कर, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ जोशुआ पीटर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्य के सभी घटकों के लिए अलग-अलग टीम रखें

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने नारायणगंज-बीजाडांडी समूह जल परियोजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। झांझनगर में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य के सभी घटकों के लिए अलग-अलग टीम रखें। कार्यवार योजना तैयार करते हुए समय सीमा तय करें। विभागीय अधिकारी कार्यों की सघन मॉनिटरिंग करें। सामग्री में गुणवत्ता का ध्यान रखें। उन्होंने समूह जल प्रदाय योजना के प्रोजेक्ट को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। नारायणगंज-बीजाडांडी समूह जल परियोजना से क्षेत्र के 184 पंचायतों में जल आपूर्ति की जाएगी।

## जस्टिस तन्खा मेमोरियल के दिव्यांग बच्चों ने बोर्ड परीक्षा मे मारी बाजी



*** पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत एवं संतोषजनक रहा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

एम.पी. बोर्ड की कक्षा 5 वी तथा 8वीं परीक्षा के परिणाम कल घोषित किए गए। इस परीक्षा में जस्टिस तन्खा मेमोरियल रोटरी फार स्पेशल चिल्ड्रन स्कूल बड़ी खैरी मण्डला जहां केवल दिव्यांग बच्चों का अध्यापन कार्य होता है। जिनका परीक्षा शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्राचार्य अजय खोत ने बताया कि इस स्कूल मे सभी दिव्यांग बच्चे अध्ययन करते हैं, कक्षा पांचवीं मे कुल 4 बच्चे परीक्षा मे बैठे थे जो चारों बच्चे अच्छे अंक लेकर पास हुए हैं। वहीं कक्षा आठवीं मे कुल 10 बच्चे परीक्षा मे बैठे थे जिसमें से नौ बच्चे अच्छे अंक लेकर पास हुए हैं और एक बच्चे को पूरक आई है। इन दिव्यांग बच्चों ने आज अच्छा परीक्षा परीणाम देकर दिखा दिया की हम सामान्य बच्चों से पीछे नही है।

जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी फार स्पेशल चिल्ड्रन स्कूल के डायरेक्टर संजय तिवारी ने सभी उत्तीर्ण बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । साथ यह कहा इस अच्छे परीक्षा परिणाम के पीछे हमारे स्कूल स्टाफ को श्रेय जाता है, स्कूल मे पदस्थ शिक्षिका सीमा तिवारी, दीप्ति मिश्रा, श्वेता शुक्ला एवं नगीना बेग द्वारा इन दिव्यांगों के कुशल अध्यापन कार्य की बदौलत यह सफलता मिली है।

उन्होंने कहा है की स्कूल मे दिव्यांग बच्चों के प्रवेश प्रारंभ है, ऐसे बच्चे जो दिव्यांग है उनके अध्ययन कार्य की व्यवस्था है, जो स्कूल मे संपर्क कर लें प्रवेश ले सकते हैं।



## खबर संक्षेप


### मण्डी एवं नगर पालिका काम्प्लेक्स दुकानदारों पर लाखों रूपया बकाया

**गाडरवारा।** स्थानीय जवाहर कृषि उपज मंडी द्वारा अपनी राजस्व आय बढ़ाने शापिंग काम्प्लेक्स दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसके चलते उपज मण्डी द्वारा लगभग 152 दुकाने बताई जाती है। इसी प्रकार से नगर पालिका द्वारा संजय गांधी मार्केट में 13 दुकाने, गांधी मार्केट में 11 दुकाने व इंदिरा शापिंग काम्प्लेक्स में 64 दुकाने तथा कामथ काम्प्लेक्स में 24 दुकाने तथा पं. दीनदयाल बस स्टैण्ड में 10 दुकाने, चीचली रोड पर स्थित काम्प्लेक्स में 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसमें से इन शापिंग दुकानों में से 126 दुकाने नगर पालिका द्वारा किराये से दी गयी। मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा इन दुकानों को अपनी जुगाडू व्यवस्था के चलते किराय से लेकर अन्य दूसरे को किराय पर दे रखी है, जिनका किराया विगत लम्बे समय से न तो मंडी कार्यालय में जमा हो रहा है ओर न ही नपा में जिसके कारण इस समय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी प्रशासन को दुकानदारों से 30 लाख रूपया से ऊपर तथा नगर पालिका प्रशासन को कई लाख रूपया से ऊपर की राशि इन दुकानदारों से किराय के रूप में लेना बाकी निकल रहा है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इन दुकानदारों में कुछ दुकानदारो की स्थिति तो कुछ इस प्रकार से बताई जाती है कि जिनका किराया लाख रूपया से ऊपर है। वही बताया जाता है कि मंडी एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा बकाया किराया वाले दुकानदारों पर नियमानुसार नोटिस देकर दुकान खाली कराने का अधिकार होने के साथ साथ किसी शासकीय संपत्ति के संबंध में बताया जाता है कि जो व्यक्ति यदि किराय से लेता है तो उसका उपयोग वही करता है किरायदार को किराय से देने का अधिकार नही होता है..? मगर बडे ही हैरत की बात है कि इसके बाद भी अनेक दुकान नियाम के खिलाफ किरायदार से किरायदार के रूप में चल रही है। लेकिन आज तक ऐसी कोई कार्यवाही मंडी एवं नगर पालिकस प्रशासन द्वारा की नही गयी, हालांकि मंडी एवं नगर पालिका वसूली अधिकारी का कहना है कि हम बकायादारों से राशि जमा करने की बात कहते रहते है, बहरहाल मंडी एवं नगर पालिका शापिंग काम्प्लेक्स से लाखों रूपयो की बकाया राशि बसूल न किया जाना नगर पालिका एवं मंडी प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है।

### कागजों में दबकर समाप्त हो जाती है शासन की अनेक योजनाएं, नहीं मिल पाता है लाभ

**सांईखेड़ा।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है जिसके चलते इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है परंतु नतीजा शून्य ही होता है? जिस प्रकार से शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी, इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है...? इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है। जहां पर कागजो पर तो पंचायत में विकास कार्यों की गाड़ी पूरी तप्तार से दौड़ रही है, मगर सच्चाई कुछ और ही है। क्योंकि देखा जा रहा है कि प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्ष्याद्विष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है...? पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है उनमे सही एवं पात्र लोगों को लाभ न मिलकर अन्य लोगों को इसका लाभ मिल जाता है।

## खैरी तिरहा से पलोहा तक बनी सड़क की सच्चाई क्यों दिखाई दे रही है स्थापित बोर्ड के विपरीत




# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क रोड़ गड्ढों में तब्दील होने के साथ हालत यह की डामर खोजो तो जानें...

**सांईखेड़ा।** निश्चित तौर से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये पक्की सड़को का निर्माण करा रही है। मगर गांव गांव बनाये जाने वाले इन मार्गों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी व क्षेत्र के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है कि करोड़ो रूपया की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क पांच वर्ष का कार्यकाल करने की बात तो दूर अपना एक जन्म दिन तक नही मनाते हुये नजर नही आ रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई तेंदूखेडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरी तिरहा से पलोहा के बीच लगभग 4.50 किलो मीटर लम्बाई की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस सड़क का निर्माण शायद चंद वर्ष पहले ही हुआ था। वही मौके पर पर स्थापित किये गये वोर्ड के अनुसार मार्ग निर्माण की लगत जहां 77.64 लाख बताई जा रही है? वही निर्माण पैकिज क्रमांक एमपी 2जी 07 के तहत मैसर्स चौहान कंस्ट्रक्शन उदयपुरा द्वारा निर्माण कार्य किये जाने की खबर है। वही इस रोड के संधारण की अवधि 15 मई 2023 से शुरू होकर 14 मई 2028 तक का बताया जाता है। वही इस सड़क में पुलियों की संख्या का कोई उल्लेख ही नही है। वही मौके पर लगे हुये वोर्ड में दर्ज इस सड़क का कार्य होने की तिथि जिस तरह से 15 मई 2023 दर्ज है तो उस तिथि के अनुसार तो शायद इस सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है और रख रख रखाब की तिथि 14 मई 2028 है तक की बताई जाती है। वही पांच वर्ष के रखरखाव में एजेन्सी को 10.97 रूपया की लागत लगानी होना बताया जाता है? इस तरह हाल में निर्मित हुई रोड़ की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां मौके पर सड़क ही नजर नही आ रह है।



कहने के लिये तो यह डामरीकृत सड़क का निर्माण हुआ है? मगर यहां पर डामर युक्त सड़क खोजो तो जाने की स्थिति देखने मिल रही है..? वही संपूर्ण सड़क में जगह जगह बने हुये गडडों के बीच वाहन चलाना मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है। इस तरह मौके पर स्थापित वोर्ड के अनुसार तो इस सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है? तो फिर सबाल यह पैदा हो रहा है कि मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार निर्माण कार्य को अभी चंद महिने ही गुजरे है? तो फिर क्या यह सड़क निर्माण के चंद माह उपरांत ही सड़क के परखच्चे उड़ गये है? या फिर आम लोगों को गुमराह करने के लिये निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा मात्र वोर्ड स्थापित करते हुये कागजो में ही निर्माण कर डाला है? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी व क्षेत्र के जिम्मेदार ही जाने? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब कोई शासकीय निर्माण होता है तो उसकी देख रेख के लिये शासन द्वारा निर्धारित किये गये जिम्मेदार अधिकारी द्वारा निगरानी की जाती है। वही उस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सड़क निर्माण के बाद अपनी संतुष्टि प्रदान की जाती है तब ही उस निर्माण कार्य को पूर्ण माना जाता है। मगर मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार यह हाल ही में निर्मित हुई सड़क की जो सच्चाई देखी जा रही है वह अपनी गुणवत्ता उजागर करने के साथ साथ उन अधिकारियों की पोल खोलने में कोई कसर ही छोड़ रही है जिनकी देखरेख में यह निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है? इस तरह गफलतबाजी की भेंट चढ़ी हुई इस सड़क के निर्माण कार्य की जांच निष्ठा के साथ होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? क्योंकि मौके पर स्थापित वोर्डो से इस सड़क के निर्माण की सच्चाई सामने आने से नही चूक रही है। क्योंकि सही मायने में देखा जावे तो अभी इस सड़क रख रखाब का पहला साल शुरू ही हुआ हैं और मौके से जिस तरह सड़क गायब नजर आ रही उसे देखते हुये तो यह जान पड़ रहा है कि मानों सड़क का निर्माण मात्र कागजों पर ही पूर्ण हुआ है या फिर सड़क चोरी हो गई जिसके चलते सड़क नजर नही आ रही है?

# विधानसभा क्षेत्र में शांति पूर्व मतदान कराने के लिये प्रशासन हुआ पूर्ण सक्रिय

### 51 मतदान केन्द्रों को घोषित किया संवेदनशील तो 2 को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया

**गाडरवारा।** बुधवार की शाम जहां प्रत्याशी को चुनावी शोरगुल थम गया है वही दूसरी ओर कल 26 अप्रैल को संपन्न होने जा रहे लोक सभा चुनाव के मतदान प्रक्रिया को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन द्वारा कमर कस ली गई है। वही दूसरी ओर स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा बुधवार को बाहर से आये हुये भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर में पैदल मार्च करते हुये इस बात का संकेत दे दिया है कि हम सभी प्रकार की परिस्थितियों से निपटने के लिये तैयार है। वही निर्वाचन आयोग का प्रयास रहेगा कि किसी भी स्थिति में चुनाव के दौरान गड़बड़ी की स्थिति निर्मित नही होना चाहिये। इसके चलते विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। वही दूसरी ओर गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 228 मतदान केन्द्रो में से 76 को मतदान केन्द्रो को संवेदनशील तथा 3 मतदान केन्द्रो अति संवेदन शील की श्रेणी में रखा गया है वही दूसरी ओर 2 मतदान केन्द्र इस प्रकार से जहां पर 1200 से अधिक मतदाताओं की संख्या है। इन केन्द्रो पर निर्वाच आयोग द्वारा विशेष सुरक्षा सहित बैनी नजर रखी जावेगी। जिन मतदान केन्द्रो को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है उनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 1 संदूक, मतदान केन्द्र क्रमांक 5 मेहरागांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 6 मेहरागांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 8 तूमडा, म.केन्द्र क्र 11 खिरैटी, म.केन्द्र क्र 20 सांईखेड़ा, म.केन्द्र क्र 24 पीपरपानी, म.केन्द्र क्र 26 टेकापार, म.केन्द्र क्र. 29 पिपरिया कला, म.केन्द्र क्र 34 मडगुला, म.केन्द्र क्र.36 बम्होरी कला, म.केन्द्र क्र.37 खिरिया, म.केन्द्र क्र.38 ग्राम सुपारी, म.केन्द्र क्र 39 बांसखेडा, म.केन्द्र क्र.43 ग्राम रम्पुरा, म.केन्द्र क्र 46 सेठान, म.केन्द्र क्र.47 ग्राम अजंदा व खैरी, म.केन्द्र क्र.48 ग्राम ढिगसरा, म.केन्द्र क्र.49 ग्राम डुगारिया, म.केन्द्र क्र.52 ग्राम बनवारी, म.केन्द्र क्र.55 ग्राम देवरी, म.केन्द्र क्र.57 ग्राम खुरसीपार, म.केन्द्र क्र.59 ग्राम गरधा/देवी मुहल्ला गरधा, म.केन्द्र क्र.60 ग्राम बोदरी, म.केन्द्र क्र.62 ग्राम कामती, म.केन्द्र क्र.65 ग्राम आमगांव छोटा, म.केन्द्र क्र.68 ग्राम नांदनेर, म.केन्द्र क्र 71 पीठवानी, म.केन्द्र क्र.72 ग्राम दहलवाडा, म.केन्द्र क्र.77 ग्राम आंडेगांव कला, म.केन्द्र क्र.78 ग्राम पनागर, म.केन्द्र क्र.81 ग्राम सहावन, म.केन्द्र क्र 84 बेलखेडी, म.केन्द्र क्र.88 ग्राम झांझनखेड़ा, म.केन्द्र क्र. 91 नगर पालिका क्षेत्र गाडरवारा के गांधी वार्ड पी डब्लू डी कार्यालय कक्ष क्रमांक 2, म.केन्द्र क्र.92 गाडरवारा राजेन्द्र बाबू वार्ड एकीकृत शा मा शाला भवन स्टेशन गंज क्रमांक 1, म.केन्द्र क्र.95 गाडरवारा जगदीश वार्ड अनुसूचित जाति बाल छात्रावास कक्ष क्रमांक 4, म.केन्द्र क्र.99 गाडरवारा विवेकानंद वार्ड अनुसूचित जाति बालक छात्रावास कक्ष क्रमांक 5, म.केन्द्र क्र.103 गाडरवारा विवेकानंद वार्ड शासकीय आईटीआई भवन कक्ष क्रमांक 9, म.केन्द्र क्र.108 गाडरवारा शास्त्री वार्ड शासकीय पुत्री शाला भवन कक्ष क्रमांक 2, म.केन्द्र क्र.109 आजाद वार्ड शासकीय कन्या मा. शाला भवन कक्ष क्रमांक 1, म.केन्द्र क्र.115 गाडरवारा माता वार्ड नगर पालिका भवन गाडरवारा, म.केन्द्र क्र 120 राधा बल्लभ वार्ड गाडरवारा, म.केन्द्र क्र.124 गाडरवारा हनुमान वार्ड शासकीय टाउन प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक 4, म.केन्द्र क्र 125 हनुमान वार्ड गाडरवारा म.केन्द्र क्र.129 ग्राम बरहटा, म.केन्द्र क्र 132 घूरपुर, म.केन्द्र क्र.137 ग्राम कठौतिया, म.केन्द्र क्र.139 ग्राम सीरेगांव, म.केन्द्र क्र.146 ग्राम गांगई, म.केन्द्र क्र.153 नगर परिषद चीचली में शा उत्कृष्ण विद्यालय कक्ष क्रमांक 5, म.केन्द्र क्र.156 चीचली शा प्रा शाला भवन पूर्व कक्ष, म.केन्द्र क्र.162 चीचली एकीकृत शा नवीन मा शाला दहलवाडा, म.केन्द्र क्र 164 पचामा, म.केन्द्र क्र.165 ग्राम पचामा, म.केन्द्र क्र 169 सालीचौका, म.केन्द्र क्र 171 सालीचौका, म.केन्द्र क्र.173 सालीचौका शा उ मा शाला भवन प क, म.केन्द्र क्र 176 अर्जुन गांव, म.केन्द्र क्र 179 नयाखेड़ा, म.केन्द्र क्र 181 मारेगांव, म.केन्द्र क्र 182 बसुरिया, म.केन्द्र क्र 185 पलैरा, म.केन्द्र क्र 186 बारछी, म.केन्द्र क्र.187 ग्राम इमालिया, म.केन्द्र क्र.192 ग्राम बारहाबडा लोधीपुरा, म.केन्द्र क्र 194 बारहाबड़ा, म.केन्द्र क्र.196 ग्राम बैरागढ़, म.केन्द्र क्र199 जामगांव, म.केन्द्र क्र 201 माल्हनवाडा, म.केन्द्र क्र.203 ग्राम ढाना, , म.केन्द्र क्र.205 ग्राम सिंहपुर छोटा, म.केन्द्र क्र.208 ग्राम आडेगांव खुर्द, म.केन्द्र क्र.209 ग्राम सूखाखैरी, म.केन्द्र क्र 211 कोठिया, म.केन्द्र क्र 214 तेंदूखेडा, म.केन्द्र क्र.216 ग्राम हीरापुर, म.केन्द्र क्र.226 बडागांव को निर्धारित किया गया है। वही अतिसंवेदनशील में म.केन्द्र क्र.37 ग्राम खिरिया तथा म.केन्द्र क्र.161 घघरौला को घोषित किया गया है। बताया जाता है कि इन केन्द्रो के अंतर्गत विगत दो तीन वर्षो से राजनैतिक प्रतिद्वतिता, ग्राम में पार्टी वंद तथा झगडालू आकी गईहै। इस तरह घोषित किये गये संवेदन व अतिसंवेदनशील केन्द्रो पर पर विशेष नजर रखी जावेगी।



# शहीद नगरी चीचली की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था पर नहीं दिया जा रहा ध्यान




**चीचली।** इस समय जिस प्रकार से नगर पंचायत चीचली की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है उसके सुधार को लेकर न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसका परिणाम है कि नगर के बाजार क्षेत्र में जहां दुकानदारों द्वारा खुलेआम अपनी दुकानों को मुख्य सड़को पर फैलाते हुये जाम की स्थिति निर्मित करने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर प्रभावशालियों के वाहनों का हाल तो इस प्रकार से बना हुआ है कि वह मुख्य मार्गो पर खड़े करते हुये अपने घरों में जिस प्रकार से आराम फरमाते हुये देखे जाते है उसके चलते बाजार क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण स्कूली बच्चों के वाहन बाजार के अंदर जाम में फंसने के कारण भूख प्यास से तड़पने के लिये मजबूर होते हुये देखे जाते है? वही दूसरी ओर बडे वाहनों को बाजार क्षेत्र में प्रवेश करने के लिये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से भी नही चूक रहा है? इस सच्चाई को लगातर उजागर किये जाने के बाद भी लगातार बिगड़ रही शहीद नगरी चीचली की यातायात व्यवस्था की ओर किसी के द्वारा भी ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से निर्मित हो चुका है कि आमजन के बाजार क्षेत्र से अपने छोटे वाहन निकालने की बात तो दूर पैदल निकलना तक मुश्किल होने लगा है? इस प्रकार से लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था के चलते सबसे अधिक परेशानी उन छात्र छात्राओं को झेलने पड़ रही है जो साईकिलों के माध्यम से स्कूल आते जाते है इस प्रकार से बाजर में निर्मित होने वाली जाम की स्थिति में फंसने के कारण छात्राओं को मनचलों की छिटाकशी का शिकार होते हुये देखा जाना जहां आम बात बन चुकी है, वही दूसरी ओर दुकानों के सामने खड़े रहने वाले वाहनों के चलते बाजार क्षेत्र में पैदल आने जाने वाले लोगों को भी अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुये देखा जाने लगा है, इस प्रकार से लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को लेकर नगरवासियों द्वारा पुलिस प्रशासन से लोगों के घरों के सामने खड़े होने वाले वाहनों के साथ साथ दुकानदारों द्वारा मुख्य मार्गो पर अपनी दुकानों की सामग्री फैलाये जाने पर अंकुश लगाने के लिये कार्यवाही की अपेक्षा जताई जा रही है।

# वन संपदा को खुलेआम चल रहा दोहन, प्रतिदिन कोयला सहित इमरती लकड़ी की धड़ल्ले से हो रही चोरी



**सालीचौका।** इस समय क्षेत्र की जंगलों से जिस तरह वनसंपदा का दोहन होते हुये देखा जा रहा है इस वन विभाग की उदासीनता कही जावे या फिर पुलिस विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत का परिणाम के कारण क्षेत्र के जंगल धडल्ले से लुटने से नही बच पा रहे है? बताया जाता है कि समीपस्थ संचालित होने वाली गोटीटोरिया जंगल क्षेत्र की कोयला खदान बीते हुये कुछ वर्षो से मा. उच्च. न्यायालय के आदेश के बाद बंद हो जाने के बाद अब दूसरी कंपनी स्थापित हो चुकी है। मगर देखा जा रहा है कि इस कोयला खदान की अनदेखी के चलते जहां प्रतिदिन इस कोयला खदान से खुलेआम कोयला चोरी होते हुये दिखाई दे रहा है। जबकि बताया जाता है कि इस तरह कोयला का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ पुलिस विभाग को कार्यवाही करने का अधिकारी होने के बाद भी पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिस प्रकांर से चुप्पी साधी जा रही है उसके कारण कोयला का अवैध कारोबार करने वालों को मूक रूप से संरक्षण मिलने से नही चूक रहा है। जन चर्चाओं से मिल रही जानकारी के अनुसार मौजूद कंपनी की मिलीभगत के चलते इस तरह कोयला का अवैध खनन करते हुये गोटीटोरिया क्षेत्र से प्रतिदिन जहां सैकड़ो ट्रेक्टर ट्राली सहित अन्य वाहनों के माध्यम से कोयला का परिवहन करते हुये अनेक जगहों तक पहुंचाया जा रहा है। इस तरह कोयला चोरी करने वालों द्वारा जिम्मेदारों की अनदेखी या फिर मिलीभगत के चलते जहां रात का समय अपने आपकों पूर्णरूप से सुरक्षित समझ रहे है और रात रात भर क्षेत्र की सड़कों पर कोयला से भरे हुये वाहन दौड़ते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार का हाल वन विभाग की उदासीनता का देखने मिल रहा है जिसके चलते क्षेत्र के जंगल उजड़ते हुये देखाई देने लगे है? बताया जाता हे कि लोगों द्वारा जंगलों से बांस सहित अन्य प्रकार की इमारती लकड़ी को काटते हुये क्षेत्र के गांवों में उसकी अनेक प्रकार की सामग्री बनाकर खुलेआम वाहनों के माध्यम से शहर लाकर उसका विक्रय कर रहे है। मगर इस ओर वन विभाग द्वारा चुप्पी साधी जा रही है? जिसका परिणाम है कि क्षेत्र में खुलेआम हरे बांसों को काटते हुये उनकी चटाईयाँ बनकर बाजारों में विक्रय होते हुये देखी। रही है तो दूसरी ओर वाहनों में माध्यम से जहां तहां पहुंचने से भी नही चूक रही है।

# बेरोजगारों को भ्रमित कर रही हैं कंपनियाँ, शहरों बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में फैलाया जा रहा अपना गोरखधंधा



**सालीचौका।** इस समय देखा जा रहा है कि शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला खुलेआम देखने मिल रहा है? जिसमें जिसमें देखा जा रहा है कि आये दिन नित्य नयी नयी कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पैर पसार रही हैं और बेरोजगार युवकों को बहला फुसलाकर उन्हें रातो रात लखपति बनाने का सपना दिखाते हुये अपने जाल में फाँस रही हैं और ताज्जुब की बात तो यह है कि इन कंपनियों के ऐजेंट शहरों से लेकर गाँव गाँव तक घूमकर बेरोजगारों को सुनहरे सपने दिखाते हैं और उन्हें कुछ ही महीनों में लखपति बनने के आसमानी सपने दिखाकर उनसे एक मुश्त रकम लेकर उनको अपना एजेन्ट बना लेते हैं, इस तरह से क्षेत्र में अनेक कंपनियाँ अपना रोजगार फैलाये हुये हैं। लोगों का आरोप है कि इन तथा कथित कंपनियों के उत्पाद इतने महँगे हैं कि इन्हें खरीद ही नहीं सकते चूँकि जो भी व्यक्ति रकम जमा कर इन कंपनियों का एजेन्ट बन जाता है तो उसे दूसरा एजेन्ट बनाने का कार्य दिया जाता है और वह निकल जाता है किसी बेरोजगार को अपना एजेन्ट बनाने और कम से कम समय में लखपति बनाने के रंगीन सपने दिखाकर दूसरे को भी फाँस लिया जाता है और बोला ताजा है कि तुमको घर बैठे पैसा मिलेगा एक बार इस काम को शुरू तो करो फिर देखना कितनी कमाई होती है, क्योंकि जो एजेन्ट दूसरा एजेन्ट नहीं बनाता है उसे कमीशन नहीं मिलता है इसलिये एक दूसरे को फँसाते रहते हैं ना तो कोई दो महीने में लखपति बना है और ना ही बनेगा, इस प्रकार की जिनती भी कंपनियाँ इस क्षेत्र में काम कर रही हैं वह युवकों को गुमराह कर पैसा ऐंठने का कार्य कर रहीं हैं, पढ़े लिखे युवक उनकी बातों में आकर लखपति बनने का सपना देखकर वह अपना पैसा फंसाकर कंपनी के लिये काम करना शुरू कर देते हैं, इतना ही नहीं इन तथाकथित कंपनियों ने अनेक शासकीय कर्मचारियों को भी अपनी गिरफत में ले लिया हैजो अपने एजेन्ट बनाने के लिये अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभाव डालकर उन्हें इस कंपनी की लिंक चैन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार की कंपनी द्वारा लखपति बनाये जाने के मायाजाल में फंसे कर्मचारियों की जाँच होनी चाहिये और इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये, कुछ कर्मचारियों की तो यह स्थिति है कि वह अपनी पत्नियों के नाम से कंपनी में जुड़कर अपने ईमानदारी से करने वाले कार्य को नजरअंदाज कर इस कार्य में लगे हुये हैं जिसके कारण यह कंपनियाँ दिन दुगना रात चौगुना जाल फैलाती जा रही हैं।

### सड़कों के किनारे लगातार बढ़ रही अतिक्रमण के चलते बन रही दुर्घटनाओं की संभावनाएं, प्रशान बना अनजान

**गाडरवारा।** इस समय नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिसे जहां मर्जी हो रही है वहां पर अपना कब्जा जमाने से नही चूक रहा है, इस प्रकार से नगर की मुख्य माने जाने वाली सड़कों के किनारे लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किये जाने वाला अतिक्रमण आम लोगों की जिन्दगी के लिये पूर्ण रूप से खतरा साबित होने से नही चूक रहा है, मगर इस सच्चाई को जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले वायपास मार्ग पर रिलांइस पेट्रोल पंप के पास देखा जा रहा है, जहां पर बताया जाता है कि किसी पंचर सुधारने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया अतिक्रमण निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम देने से नही चूक पायेगा? क्योंकि जिस जगह यह अतिक्रमण करते हुये दुकान बनाई गई है, उसी जगह वाहनों की आवाजाही के लिये प्रमुख स्थल इसलिये मानी जाती है कि जो वाहन कौड़िया की ओर से आता है वह घाट होने के कारण तेज गति से दौड़ते हुये आने से नही चूकता है, वही दूसरी ओर पेट्रोल पंप से जब कोई वाहन डीजल या पेट्रोल लेकर जब कौड़िया की ओर जाता है तो इस अतिक्रमण के चलते सामने से आने वाला वाहन उस समय तक दिखाई नही पड़ता है

## खबर संक्षेप



### एचएफ नस्ल की गाय ने जन्मे दो जुड़वा बच्चे

**अनूपपुर।** जिले के नगर परिषद बरगवां के अमलई निवासी पशुपालक रंजू पुरी के यहां एचएफ नस्ल की गाय का कृत्रिम गभार्धान के माध्यम से किए गए गभार्धान से 22 अप्रैल को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया जिसमे एक बछड़ा तथा एक बछिया है जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ स्थिति में है। इस संबंध में उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विकास अनूपपुर डॉक्टर एपी पटेल ने बताया कि पशु पालन विभाग द्वारा पशु संरक्षण तथा पशु संवर्धन के तहत पशुओं का उपचार, टीकाकरण बधियाकरण आदि के साथ पालतू गाय, भैंस का कृत्रिम गभार्धान एआई कराया जा रहा है जिसके तहत प्रेग्नेंट पशु मालिक रंजू पुरी की एसएफ नस्ल की गाय का भी कृत्रिम गभार्धान एआई कराया गया जिसने 22 अप्रैल को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है जिसमें एक बछड़ा एवं एक बछिया का जन्म हुआ है गाय तथा जन्मे दोनों बच्चे स्वस्थ स्थिति में है।

### ईनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामनगर।** 22 जनवरी को आगर न्यायालय मे पीठासीन न्यायाधीश के साथ बदसलूकी कर उन पर जूता फेंके वाला निलंबित अभिभाषक नितिन अटल आखिरकार 90 दिनों बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 23 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को पुलिस अधीक्षक आगर मालवा के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आगर मालवा जिले का मोस्ट वांटेड आरोपी एवं माननीय उच्च न्यायालय का गिरफ्तारी वारंटी नितिन अटल पिता स्वर्गीय घनश्याम दास अटल निवासी मालीखेड़ी रोड आगर, थाना कोतवाली, जिला आगर मालवा, जिला अनूपपुर की सीमा में है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जिला आगर मालवा द्वारा 10,000 का इनाम उदघोषित किया गया था। सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी रामनगर को त्वरित कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर थाना रामनगर के उप निरीक्षक श्यामलाल मरावी के द्वारा थाना रामनगर की पुलिस टीम के साथ रामनगर घुटरी टोला, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ बार्डर जिला अनूपपुर में घेराबन्दी कर फरार आरोपी नितिन अटल को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर जिला आगर मालवा की पुलिस टीम के प्रभारी डीएसपी मोतीराम कुशवाहा को सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन में थाना रामनगर के उप निरीक्षक श्यामलाल मरावी, आरक्षक नरेंद्र मसराम, रिंकू गोले एवं आर. राहुल प्रजापति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अमरकंटक के संतों ने व्यक्त किया आक्रोश

**अमरकंटक।** अमरकंटक के समस्त संत समाज ने कल जो रुद्र गंगा मंदिर को अज्ञात लोगों के तोड़ा गया तथा वन विभाग का नाम आने के पश्चात एक पंचनामा जारी किया कि वन विभाग ने तोड़ने की कोई कार्रवाई नहीं किया है जिससे अमरकंटक के समस्त संत समाज ने यह निर्णय लिया है कि पुलिस को सूचना तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आश्रम तोड़ने के संदर्भ में अमरकंटक में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संतो ने बताया कि यह आश्रम 150 वर्ष पुराना था तो अनावश्यक तोड़ा गया अगर प्रशासन इस तरह के उपद्रव पर सख्त रवैया नहीं अपनाया तो हम लोग कड़ा आंदोलन करेंगे। जिस बर्बरता के साथ आश्रम व नर्मदा मंदिर को तोड़ा गया है वह सनातन धर्म के खिलाफ है अमरकंटक संत समाज कड़ी निंदा करता है। अमरकंटक सभी प्रमुख आश्रमों के संत उपस्थित होकर अपनी अपनी भावना व्यक्त किए जिसमें अमरकंटक के संत समाज के द्वारा गठित अमरकंटक संत समाज के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

राज्य प्रवीण्य सूची में विद्यार्थियों ने दर्ज किया अपना नाम

# कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में डिंडौरी जिला अव्वल

### कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं









**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल मण्डल द्वारा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम आज बुधवार को घोषित किया गया है। जिसमें डिंडोरी जिले से कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिले से शा. कन्या हा.से. स्कूल, समनापुर में अध्ययनरत छात्रा नंदनी मलगाम पिता चिल्लू सिंह ने ललित कला एवं गृह विज्ञान समूह में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरान्वित किया है। ग्राम मानपुर निवासी छात्रा नंदनी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त की है।उल्लेखनीय है कि निजी विद्यालयों ने भी इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य किया है। जिले की मान्यता प्राप्त अशासकीय सेंट एंजिल हायर सेकेण्डरी स्कूल डिण्डौरी कक्षा बारहवीं से छात्र अमोल राय पिता श्री अरूण राय, अक्षत शर्मा पिता श्री नीरज शर्मा, गरिमा कोहली पिता श्री जोगेन्द्र कोहली, अनिष्ठा चैरसिया पिता श्री अनिल चैरसिया ने क्रमशः जिले की प्रवीण सूची में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में महर्षि एंग्लोवैदिक एकेडमी हाई स्कूल गाडासरई से छात्र काकुल साहू पिता श्री निशान्त कुमार, समीक्षा साहू पिता सतीष कुमार साहू ने प्रथम एवं तृतीय स्थान और सावरकर शिशु मंदिर हाई स्कूल गाडासरई से छात्र ध्रुव कुमार साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।डिण्डौरी जिले से हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में सम्मिलित 4248 छात्र एवं 4831 छात्राएं कुल 9079 हुए। प्रथम श्रेणी 2858, द्वितीय श्रेणी 2389, तृतीय श्रेणी 31 छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया, 1128 छात्र-छात्राओं को पूरक की श्रेणी में रखा गया है। जिले का हाई स्कूल प्रतिशत 58.14 है जो कि राज्य के 58.1 से 0.4 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में 3437 छात्र 3918 छात्राएं कुल 7355 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। प्रथम श्रेणी 2778, द्वितीय श्रेणी 16539, तृतीय श्रेणी 07 एवं 1149 छात्र-छात्राओं को पूरक की श्रेणी में रखा गया है। जिले का हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा परिणाम प्रतिशत 60.34 जो कि राज्य के 64.48 से 4 प्रतिशत कम है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी है। साथ ही और अधिक मेहनत कर भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरणा संदेश दिया है।

## शाहपुर इंग्लिश मीडियम स्कूल के 5 वीं 8वीं परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने मारी बाजी





**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** न्यू गोल्डन वेली पब्लिक स्कूल शाहपुर में 5 वी एवं 8वी के घोषित हुए परीक्षा परिणाम में छात्रों के मुकाबले छात्राओं ने बाजी मारते हुए शत प्रतिशत परिणाम लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है शिक्षा संस्थान के संचालक अमन झारिया एवं विद्यालय प्रधान पाठक सुश्री ,शारदा शर्मा ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है 5 वी की छात्रा प्रिया जायसवाल पिता राकुमार जायसवाल ,82 .5ः अंको के साथ प्रथम स्थान विद्या कछवाहा पिता दीपक कछवाहा,79 .ः अंको के साथ द्वितीय स्थान आरती मरकाम पिता धन सिंह मरकाम ,79 .ःअंको के साथ द्वितीय स्थान तथा कुंती पट्टा पिता,विसराज पट्टा ,,78 .2ः अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है वहीं 8 वी ,में हबीबा खान पिता इस्तियाक खान ,87 .8ः अंको के साथ प्रथम स्थान तमन्ना खान पिता हैदर खान ,87 .3ःअंको के साथ द्वितीय स्थान वहीं भारती तंतवाय पिता राजेन्द्र तंतवाय,86 .5ः अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

## मध्यप्रदेश में डिण्डौरी जिले का उत्कृष्ट प्रर्दशन 5वीं में द्वितीय स्थान और 8वीं में सातें स्थान रहा

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** म.प्र. बोर्ड राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक धनराजू एस ने सिंगल क्लिक के माध्यम दिनांक 23ध्04ध्2024 को 11 बजे 5वी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किया। जिसमे कक्षा 5वी बोर्ड परिक्षा के परिणाम में मध्यप्रदेश स्तर पर डिण्डौरी जिला दुसरे स्थान पर एवं 8वीं में सातें स्थान पर रहा । यह बडे सौभाग्य की बात है कि म.प्र. में डिण्डौरी 5वीं परीक्षा परिणाम में दूसरे नम्बर पर है। यह शिक्षा जगत व जिला प्रशासन की विशेष पहल का परिणाम है। इसी तारतम में 5वीं परीक्षा परिणाम में जिला स्तर पर प्रथम संस्था- आवासीय विद्यालय शासकीय वृहद कन्या आश्रम शाला डिण्डौरी, द्वितीय स्थान सेटेलाईट कालोनी देवाझीर शहपुरा, तीसरा स्थान प्राथमिक शाला शर्मापुर शाहपुर डिण्डौरी 8वी में जिला स्तर पर प्रथम संस्था शा.एन.एम.एस. भगनवारा अमरपुर द्वितीय स्थान शा.एन.एम.एस. नेवसा अमरपुर डिण्डौरी तीसरा स्थान शा.एम.एस. भोंदुटोला डिण्डौरी रहा है। आवासीय शासकीय वृहद कन्या आश्रम शाला डिण्डौरी की 5वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसकी प्रधानपाठिका श्रीमती मंजू परस्ते एवं कक्षा 5वी की शिक्षिका श्रीमती उषा अहिरवार है। जिनके निरंतर प्रयास से यह संभव हो सका। जिसकी वार्डन श्रीमती एकता सैयाम, शिक्षिका श्रीमती सुमित्रा परस्ते, श्रीमती सारिका सैयाम,रसोईया श्रीमती कौशल्या वर्मन,श्रीमती सुशीला नंदा,श्रीमती सुभद्रा मालवे एवं समस्त स्टाप का विशेष सहयोग रहा। आवासीय संस्था शा.वृहद कन्या आश्रम शाला डिण्डौरी यह विद्यालय दीदी कैफे के पास पोस्ट ऑफिस के पीछे स्थित है। इस विद्यालय के छोटे बच्चों के प्रति कलेक्टर मिश्रा जी का विशेष सहयोग रहा । जिनके द्वारा बालिकाओं को शिक्षा व अन्य गतिविधियां में आगे बढने के हर संभव प्रयास किये हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम एवं जिले में विद्यालय प्रथम आने पर बालिकाओं व शिक्षक स्टाप को शुभकामनाएं दी है।



## कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, खून की जांच तुरंत कराएं

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम ष्।बबमसमतंजपदह जीम पिहीज हंपदेज उंसंतपं वित ं उवतम मुनपजंइसम ूवतसकष अर्थात ष्मलेरिया के विरूद्ध लडाई तेज कर पूरे विश्व को मलेरिया मुक्त करना है" जिसके परिपालन में जिले मे लोकल चैनल एवं मिडिया, सोशल मीडिया जैसे टवीटर, व्हाटस एप, फेसबुक पर मैसेज व्हटस एप प्रोफाइल एवं स्टेटस के माध्यम से प्रचार-प्रसार हेतु अपील कर जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा जनसमुदाय से मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण में सहयोग की अपेक्षा की गई। साथ ही अपने-अपने स्तर में लोगों को समझाईश दी जाए कि सोते समय मच्छरदानी लगाएं, अपने घरों एवं ऑफिसों में लगे हुये कूलर, गमले, फूलदान तथा हेण्डपंप के आस-पास एकत्र पानी, टायरों में जमा पानी, सिमेंट की टंकियों में जमा पानी, टूटे-फूटे पुराने बर्तनों में एकत्र पानी एक सप्ताह से ज्यादा समय तक न रहने दें एवं पानी के बर्तनों को खाली कर सुखाकर पुनः पानी भरें। जिन स्थानों में पानी खाली करना सम्भव न हो उन स्थानों पर मिट्टी का तेल, जला हुआ इंजन ऑयल एवं टेमोफास का घोल डालना चाहिये, जिससे मच्छर की उत्पति रोकी जा सके। साथ ही अपने घरों के खिड़की, दरवाजों में मच्छर प्रूफ जाली, शाम को नीम की पत्तियों का धुंआ करे, जिससे बीमारी पर नियंत्रण हो सके। बुखार आने पर ग्राम की आशा कार्यकर्ता के पास या नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र जाकर निःशुल्क जांच एवं उपचार कराएं। उक्त जांच एवं उपचार सामग्री ग्राम स्तर में भी उपलब्ध है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई स्वास्थ्य विभाग की बैठक

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। उन्होंने जिले में संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की समीक्षा की।कलेक्टर ने मलेरिया, टीबी, मौसमी बीमारी आदि की जानकारी ली। उन्होंने लोगों को मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का समय पर उचित उपचार करने, लोगों को बीमारी लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक करने को कहा है। जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षित प्रसव के लिए विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि अब प्रति शनिवार जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी जनपदों में दूरस्थ 9 स्थानों पर शिविर लगेगा। इन स्वास्थ्य शिविरों में अलग अलग अधिकारी उपस्थित रहेंगे।जिसमें लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां की जायेगी। उन्होंने समनापुर और शहपुरा के स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति में सुधार कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अच्छे कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित भी करें। विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। टीकाकरण के कार्यों में लक्ष्य पूर्ति करने के लिए गति लाने के निर्देश दिए । महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर कुपोषित बच्चों को चिन्हित करें। स्वास्थ्यकर्मी सप्ताह में एक दिन बालिका हायर सेकेंडरी स्कूलों में जाकर छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें।कलेक्टर ने उक्त बैठक में नशा मुक्ति सिकल सेल टीवी पैरालिसिस टेस्टिंग स्क्रीनिंग पैरामीटर पर कार्य आदि की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारयों को तत्सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। उक्त बैठक में डॉ ममता दीवान, डॉ मनोज उरैती, डॉ. ब्रजेश पटेल, दिलीप कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली शासकीय अधिवक्ताओं की बैठक

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने कलेक्टर कक्ष में शासकीय अधिवक्ताओं की बैठक लेकर प्रशासनिक मामलों पर चर्चा की। बैठक में शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार तिवारी,राजकुमार दुबे, मनोज कुमार वर्मा, लक्ष्मी नारायण साहू मौजूद रहे। कलेक्टर ने न्यायिक लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रशासन से जुड़े मामलों पर जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने होस्टाइल विक्टिम, राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रशासन से जुड़े केसों पर नीतिगत रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए । कलेक्टर सर ने अधिवक्ताओं से कहा कि सुनवाई से पूर्व संबंधित विभागों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त कर तार्किक व तथ्यों के आधार पर अपना पक्ष मजबूती से रखें। इसलिए राजस्व पुलिस एवं जिला प्रशासन के अन्य विभागों से उचित सूचना एकत्र कर समन्वय के साथ कार्य करें। ऐसे विभाग जो केस संबंधी तैयारीयों पर उचित रूप से कार्य नहीं कर रहे है उनकी सूचना जिला प्रशासन को दें।कलेक्टर श्री मिश्रा ने होस्टाइल विक्टिम मामलों पर उचित नीति बनाकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। जिला प्रशासन व न्यायिक विभाग के समन्वित कार्य प्रणाली से कार्य करने पर लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सकेगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने लंबित प्रकरणों पर योजनागत रूप से तार्किकता के साथ प्रशासन का पक्ष रख केसों के निपटान पर जोर देने के लिए निर्देशित किया।

## पिकनिक मनाने गए रेलवे गॉर्ड की नदी में डूबने से हुई मौत

**अनूपपुर।**



बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को सीतामढ़ी में पिकनिक मनाने के समय नहाने के दौरान डूबने से 43 वर्षीय रेलवे गार्ड की मौत हो गई। घटना की सूचना के पश्चात पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजुरी रेलवे में पदस्थ तीन गार्ड समरेंद्र सिंह (43) अमित चंद्रा भारती एवं दीप चंद्रशेखर पिकनिक मनाने के लिए सीतामढ़ी पिकनिक स्पॉट गए हुए थे। पिकनिक के दौरान तीनों नहा रहे थे, इसी दौरान समरेंद्र सिंह का पर गहराई में चला गया और वह डूबने लगा। साथ में गए अमित चंद्रा भारती एवं दीप चंद्रशेखर ने समरेंद्र सिंह को बचाने का प्रयास किया, लेकिन डूबने के पश्चात उसका पता नहीं चल पा रहा था। समरेंद्र सिंह के डूब जाने के पश्चात साथ में पिकनिक मनाने गए अमृत चंद्र भारती एवं दीप चंद्रशेखर के द्वारा मदद के लिए स्थानीय ग्रामीण से सहायता मांगी गई जिस पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मृतक के शव को बाहर निकाला गया। सीतामढ़ी पिकनिक स्पॉट में पूर्व में कई लोगों की नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने की वजह से मौत हो चुकी है। इसके पश्चात यहां प्रशासन के द्वारा पानी के गहरे होने तथा इसमे डूबने के संबंध में नोटिस बोर्ड लगाया गया था। इसके बावजूद यहां पिकनिक के लिए लोग पहुंच रहे थे। घटना की सूचना मिलने के पश्चात पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा तथा पोस्टमार्टम की कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

## अमरकंटक में आंधी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त

**अमरकंटक।**



कल देर शाम रात को पवित्र नगरी अमरकंटक में अचानक आंधी व बारिश आ जाने से नगर में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए एवं कच्चे मकान वालों के तीन सेड उड़ गए जिससे रह वासियों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। नगर के प्रमुख स्थानों में बाराती हिंडालको मुख्य मार्ग शिव गोपाल आश्रम के सामने एवं जमुना दादर बस्ती में पेड़ गिरने से वह अत्यधिक आंधी तूफान होने की वजह से घरों के छप्पर उड़ गए जिससे गरीब परिवारों को मुश्किल भरी रात काटनी पड़ी। शिव गोपाल आश्रम के सामने एक पेड़ गिर जाने से तीन गाड़ियों को क्षति पहुंची। ज्ञात हो कि अमरकंटक पहाड़ी इलाका होने की वजह से कभी भी बारिश हो जाती है एवं कभी आंधी तूफान आ जाता है। मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पावन पवित्र नगरी अमरकंटक में गत देर शाम साढ़े सात आठ बजे अचानक हुए मौसम परिवर्तन के बाद तेज आंधी तूफान वर्षा के चलते कई जगह पेड़ उखड़ कर नीचे जा गिरे तथा विद्युत पोल गिरकर टूट गए हैं साथ ही छानी छप्पर टीना उड़ गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के बगल से जमुना दादर को जाने वाला रास्ते मे नीलगिरी का विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ कर विद्युत लाइन में जा गिरा इससे विद्युत खंभा टूट गया। पेड़ नवोदय विद्यालय के दीवार पर गिरा है विशालकाय पेड़ के गिरने से जमुना नगर जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इसी तरह से शिव गोपाल आश्रम के सामने खड़े तीन चौपहिया वाहन पर एक पेड़ गिर गया इससे वाहनों को नुकसान पहुंचा है नगर में कई जगह छानी छप्पर में लगा टीन उड़ गए हैं परंतु कोई जनहानि नहीं हुई। आंधी तूफान के चलते विद्युत व्यवस्था नवोदय विद्यालय एवं जमुना दादर में समाचार लिखे जाने तक शुरू नहीं हो पाई है।

# राजनगर ओसीएम ने अपने वार्षिक लक्ष्य का 312.5% उत्पादन कर रचा नया इतिहास

**राजनगर।**



साउथ ईस्टर्न को फील्ड लिमिटेड के अंतर्गत हसदेव एरिया में राजनगर खुली खदान परियोजना एक मात्र खुली परियोजना है। जो देश के लिये कोयला ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत है। भारत सरकार द्वारा कोयला उत्पादन का सबसे बड़ा उपक्रम कोल इंडिया है जिसकी अनुसंगी कंपनी एसईसीएल कई क्षेत्रों में कोयला उत्पादन का कार्य कर रही हैं जिसमें हसदेव एरिया की राजनगर ओसीएम खदान को पुनसंर्चालित किया गया। राजनगर ओसीएम में अप्रैल 2023 से सितंबर 2023 तक मात्र 176171 टन कोयले का उत्पादन हुआ था। 7 अक्टूबर 2023 को नए उपक्षेत्रीय प्रबंधक के प्रभार लेने के बाद मुख्य महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र संजय कुमार मिश्रा के सक्षम मार्गदर्शन एवं सब एरिया मैनेजर पुष्पराज प्रिय के नेतृत्व में राजनगर ओसीएम ने अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक 449161 टन कोयले का उत्पादन किया तथा कंपनी द्वारा दिए गए वार्षिक लक्ष्य को जल्द पूरा ही नही किया गया। बल्कि उन्होंने कुल 625332 मेट्रिक टन का उत्पादन कर वार्षिक लक्ष्य का 312.5 प्रतिशत उत्पादन कर नया इतिहास रचा। सब एरिया मैनेजर ने इस का श्रेय अपने उच्च अधिकारियों के कुशल नेतृत्व एवं अपने अधीनस्थ कोलियरी मैनेजर दीपक बांठिया तथा अन्य कर्मचारियों के सहयोग को दिया।

## खबर संक्षेप

### महिला पर जंगली सुअर ने किया हमला

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस खेत मे काम कर रही महिला पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया । पुलिस ने बताया कि दुर्गा बाई पति दुर्गा प्रसाद कुर्मी उम्र 53 वर्ष निवासी पिपरिया थाना कोतवाली पर खेत मे काम करते समय जंगली सुअर ने हमला कर दिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

### युवक ने जहरीली वस्तु का किया सेवन

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राकेश पिता चूरामन पटैल उम्र 21 वर्ष घर से खेत गया हुआ था जहां पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

### भंडारा प्रसादी वितरण सम्पन्न



**नरसिंहपुर।** हैहय क्षत्रिय कलार महिला मण्डल नरसिंहपुर द्वारा श्री हनुमान जयंति के पावन अवसर पर चरहाई हनुमान मंदिर नरसिंहपुर में पूजन अर्चना की गई एवं इस अवसर पर नगर में निकाली गयी हनुमान जी की शोभा यात्रा में प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर कलार महिला मण्डल नरसिहपुर अध्यक्ष श्रीमति प्रीति (प्रदीपराय), गोदावरी राय, अर्चना राय, स्वाति जायसवाल, भागवती राय, ज्योत्सना राय, मंजू राय, एवं रोशनी राय सहित कलार महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं ।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया रोड शो



**नरसिंहपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान होने के दो दिन पूर्व कांग्रेस ने रोड शो के माध्यम से पूरा दमखम लगाया। बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा ने कांग्रेस कार्यकतार्ओं पदाधिकारियो के साथ नरसिंहपुर शहर में रोड शो किया। रोड शो सुभाष पार्क से प्रारंभ होकर मेन रोड से होते हुए गुरुद्वारा रोड से जिला न्यायालय के समीप समाप्त हुआ। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि आज बढ़ती जा रही महंगाई और बेरोजगारी से हर वर्ग परेशान हैं। जाति और धर्म के नाम पर भाजपा चुनाव जीतना चाहती है किंतु अब लोग मुद्दों पर वोट देंगे। श्री शर्मा ने कहा कि विकास ही हमारा लक्ष्य और प्राथमिकता है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा ने करेली, डोभी, तेंदूखेड़ा में भी जनसंपर्क किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रोफेसर सतीश दुबे निलंबित

**नरसिंहपुर ।** लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने, निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने, वरिष्ठ अधिकारियों के निदेशों की अवहेलना करने एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के फलस्वरूप कमिश्नर जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा ने सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम के प्रावधानों के तहत शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्रोफेसर सतीश दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलबंन की अवधि में उनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर नियत किया गया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है, जिसका पालन करना अनिवार्य है। शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्रोफेसर सतीश दुबे द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाटसएप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पार्टी/ उम्मीदवार विशेष का प्रचार- प्रसार किया जा रहा है तथा पोस्ट शेयर की गई हैं।

# 10वीं व 12वीं के 12 विद्यार्थी प्रदेश सूची में शामिल

## प्रदेश में सबसे बेहतर रहा नरसिंहपुर जिले का परीक्षा परिणाम







### मिठाई खिलाकर कलेक्टर ने दी बधाई

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किये गये कक्षा दसवी व बारहवी के परीक्षा परिणाम मे जिले के विद्यार्थियों ने पुन: कीर्तिमान स्थापित किया और बीते वर्ष की अपेक्षा बेहतर परीक्षा परीणाम की दरकार को पूरा करने मे सफल रहे । दो कक्षाओं के परीक्षा मे जिले के विद्यार्थियों ने प्रदेश मे टॉप कर जिले के गौरव को बढ़ाया । कक्षा दसवी के 6 विद्यार्थियों ने प्रदेश सूची मे स्थाना प्राप्त किया तो वही बारहवीं के 12 छात्रों ने प्रदेश सूची में अपनी जगह सुनिश्चित की ।

नरसिंहपुर ।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें एक ओर जहां कक्षा दसवीं का मध्यप्रदेश का परिणाम 58.10 प्रतिशत रहा वही नरसिंहपुर जिले का परीक्षा परिणाम 80.51 प्रतिशत है। हायर सेकेंडरी बारहवीं का प्रदेश का परिणाम 64.48 प्रतिशत रहा, लेकिन नरसिहपुर जिले ने यहां पर भी बाजी मारते हुए परीक्षा परिणाम का 81.53 हासिल किया है। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। मध्य प्रदेश में सबसे बेहतर परिणाम के साथ कक्षा 10 वीं और 12वीं में नरसिंहपुर प्रदेश में अव्वल रहा। गत वर्ष सत्र 2022-2023 में भी नरसिंहपुर जिला प्रदेश में कक्षा दसवीं, बारहवी के परिणाम में अव्वल रहा था।

### अधिकारियों ने दी बधाई

जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी, एडिपिसी रमसा अनिल व्योहार, योजना अधिकारी जीके नायक द्वारा कलेक्टर शीतला पटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार से मिलकर प्रदेश में जिले के परीक्षा परिणाम से अवगत कराते हुए प्रदेश में अव्वल आने पर बधाई दी। जिला कलेक्टर द्वारा परिणाम में जिले के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रसन्नता व्यक्त कर छात्र-छात्राओं पालकों और शिक्षा विभाग की टीम को शुभकामनाएं दी है।

### प्रदेश की मेरिट सूची में जिले के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

कक्षा दसवीं से गर्वित गुप्ता उत्कृष्ट विद्यालय नरसिहपुर, प्रज्ञा पटेल खजांची रामकली बाई करेली, निलेश मेहरा स्कालर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, लता मुढ़यि शंकराचार्य विद्या निकेतन झोतेश्वर, वंदना साहू उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर कक्षा 12 वीं में कला समूह से कुमारी निशा भारती नर्सिंग पब्लिक हाई स्कूल, मिन्हाज बहना कन्या हायर सेकेण्डरी गाडरवारा, भाग्यश्री कुशवाहा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बस्ती। इसके साथ ही गणित समूह में गीता लोधी, अंकिता पटेल उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, यशराज कौरव टीवीएन गाडरवारा, शिवानी विश्वकर्मा न्यू एरा पब्लिक हाई स्कूल गाडरवारा, जया गुर्जर टीवीएन गाडरवारा, आकाश पटेल ज्ञान भूमि पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी, दिव्यांशी मिश्रा टीवीएन गाडरवारा, वही वाणिज्य संकाय में गोरी जायसवाल टीवीएन गाडरवारा और जीव विज्ञान संकाय सोहैल अहमद खान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकबेल, स्तुति सोनी एसएनपीएस हायर सेकेण्डरी नरसिहपुर ने सफलता अर्जित की है।

### कलेक्टर ने पुष्पहार पहनाकर खिलाई मिठाई

नरसिंहपुर जिले का प्रदेश में सबसे बेहतर परीक्षा परिणाम आने की खुशी जहां छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को है, वही यह खुशी की चमक कलेक्टर शीतल पटले की आंखों में भी उस समय देखी गई, जब उत्कृष्ट विद्यालय के मैरिट लिस्ट में आने वाले बच्चे अपने शिक्षकों और परिजनों के साथ कलेक्टर से मिलने पहुंचे। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हे पुष्पहार पहनाकर, मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। वही कलेक्टर ने छात्राओं को गले लगाकर यह पूछा, कि वे आगे पढ़ाई खत्म करने के बाद क्या बनना चाहेंगी। जिस पर उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा ने आईपीएस बनने की इच्छा जताई, कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षा में सफल होने की बधाई दी।



## कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले तथा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ तेंदूखेड़ा विधानसभा के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काचरकोना, डोभी, तेंदूखेड़ा एवं भामा में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं अधिक से अधिक संख्या में मतदाता की मतदान केंद्र तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां मतदान केंद्रों पर बीएलओ से चर्चा कर कहा कि मतदाताओं को केन्द्र तक आने के लिए जागरूक करें जिससे कि अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल के दिन गांव में जिन घरों में विवाह होने वाले है वहां स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकत्तार्ओं के माध्यम से घर जाकर यह बताया जाएं कि मतदान केन्द्र पर अवश्य जाए इसके लिए उन्हें मतदान करने के लिए लाइन नही लगाना होगा। कलेक्टर श्रीमती पटले तथा पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बिजली, पानी, मतदान केंद्र तक सुगम पहुंच, पंखा, शौचालय,रैंप,व्हील चेयर आदि का जायजा लिया।उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के एक दिन पूर्व मतदान दल केंद्रों पर आ जाएँगे। यहाँ उनके लिए शीतल पेयजल,नाश्ता,भोजन एवं रुकने के सारे इंतजाम सुनिश्चित किए जाए।

### अनुश्री का सुयश



**करेली ।** विगत दिवस वर्ष 2023-24 में बोर्ड पेटर्न पर आयोजित हुई 5वी का रिजल्ट घोषित किया गया। स्थानीय दी अवोड स्कूल में अध्ययनरत 5वी की छात्रा कु. अनुश्री सोनी ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अनुश्री सोनी अनूप - श्रीमती नीरज सोनी की सुपुत्री है।

# करेली की महती जरूरत है सिविल कोर्ट

करेली।




18 वीं लोकसभा के लिए होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के 20वें सांसद के लिये दूसरे चरण में 26 अप्रेल को वोट डाले जावेगे। करेली में सिविल कोर्ट खोलने की मांग वर्षो पुरानी है। नागरिकों को न्याय आसानी से उपलब्ध कराने करवाने के लिए शासन द्वारा हर तहसील मुख्यालय पर सिविल कोर्ट खोलने का निर्णय लिया गया था। 17 मार्च वर्ष 2012 में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह ने करेली के एक कार्यक्रम में सिविल कोर्ट की घोषणा की थी तब से यह मामला क्रियान्वयन की बाट जोह रहा है। इस बीच सोशल मीड़यि में नरसिंहपुर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष का एक पत्र वायरल होने से करेली तहसील में सिविल कोर्ट का मुददा एक बार फिर गहरा गया उसका कारण यह है कि बीते दिनो जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर के अध्यक्ष/सचिव ने एक पत्र मुख्यमंत्री मप्र शासन एवं विधायक व मंत्री प्रहलाद पटेल को दिया था जिसमे नरसिंहपुर में व्यवसायरत अधिवक्ताओ के निजी हितों को ध्यान में रखकर तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पत्र के माध्यम से भ्रमित करने का प्रयासकर करेली में सिविल कोर्ट खोले जाने का विरोध किया गया है. इस पत्र में सबसे हास्यास्पद कुतर्क यह है कि इसमें करेली तहसील के अंतिम छोर पर स्थित दूरस्थ ग्राम की नरसिंहपुर जिला न्यायालय से दूरी बताने की जगह की बजाय नरसिंहपुर से करेली की दूरी का उल्लेख इसमें किया गया है। अनेक वर्षो से तत्कालीन राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, तत्कालीन विधायक जालम सिंह, प्रेस परिषद करेली, तहसील अधिवक्ता संघ करेली, अन्य जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनो एवं आम जनता द्वारा से करेली में सिविल कोर्ट की मांग की जा रही है। विदित हो कि सितम्बर 2023 में करेली में सिविल कोर्ट में कवायद 11 साल बाद एक बार फिर शुरू हुई थी जिसमें जिला न्यायालय की टीम ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर महेश कुमार शर्मा के साथ करेली के पुराने तहसील कार्यालय एवं पुरानी मंड़ी का स्थल निरीक्षण किया था विदित हो कि मुख्यमंत्री की 2011 की घोषणा के बाद 2012 में प्रक्रिया तो शुरू हुई थी पर क्रियान्वयन तक नहीं पहुंची थी। 12 सितम्बंर 2023 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निरीक्षण से एक बार फिर उम्मीद की किरण जाग गई है कि करेली कि यह बहुप्रतीक्षित मांग जरूर से ही पूरी होगी। अनेक बार सार्वजनिक मंचों से राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने बड़ी बेबाकी से करेली में सिविल कोर्ट को खोले जाने की बात रखी थी। इसके पहले भी 23 अगस्त 2012 गरूवार को सी0जे0एम0 सिविल न्यायालय नरसिंहपुर द्वारा करेली में व्यवहार न्यायालय खोलने के संबंध में पुरानी मंडी कार्यालय तथा प्रांगण स्थल का निरीक्षण किया गया था। तत्संबंध में तहसीलदार करेली के माध्यम से पुरानी मंड़ी कार्यालय प्रांगण में निर्मित स्थायी, अस्थायी, संरचनाओं का नजरी नक्शा शुक्रवार को राजस्व निरीक्षको, पटवारी, से तैयार सी0जे0एम0 सिविल न्यायालय नरसिंहपुर भेजा गया था। 24 अगस्त 2012 शुक्रवार को राजस्व अमले ने नाप-जौख का काम किया था। करेली में सिविल कोर्ट खोलने की मांग वर्षो पुरानी है। नागरिकों को न्याय आसानी से उपलब्ध कराने करवाने के लिए शासन द्वारा हर तहसील मुख्यालय पर सिविल कोर्ट खोलने का निर्णय लिया गया था तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी घोषणा की थी और लगभग एक दशक पहले सिविल कोर्ट खोलने की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी। सिविल कोर्ट करेली में खोलने से करेली तहसील के दूरस्थ अंचलो के पक्षकारों को फायदा होगा जो अभी तहसील कार्यालय करेली और सिविल कोर्ट नरसिंहपुर के बीच झूलते रहते है। इसके अलावा करेली से बहुत सारे अधिवक्तागण नरसिंहपुर अपडाउन करते है उनके पक्षकार भी करेली क्षेत्र के होते है उन्हें भी लाभ होगा। समय समय पर जनप्रतिनिधि, विविध संगठन, तहसील अधिवक्ता संघ भी करेली में सिविल कोर्ट की मांग उठाता रहा है..शासन को जल्द यह सुविधा प्रदान करनी चाहिए।

# शादी समारोह के दौरान मारपीट, एसपी से शिकायत



नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव निवासी परिवार के लोगो द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की की गई । शिकायत मे बताया गया कि नगर के स्थानीय बैलहाई बाजार में शादी समारोह में हुए विवाद के कारण दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जानकारी के अनुसार विवाद का मुख्य कारण पानी था, पानी पीने के दौरान हुई कहा सुनी के कारण यह विवाद इतना बढ़ा, कि दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई, लात, घूंसों से हो रही मारपीट थोड़ी देर बाद ही लाठी, डण्डों तक जा पहुंची और दोनों ही पक्षों ने जमकर लाठियां भांजी, जिसमें दोनों पक्ष के चार लोग गंभीर रूप घायल हो गए। साथ ही कुछ लोगों को चोटें भी आईं है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट का अपराध दर्ज किया है। दरमियानी रात हुए इस दंगे से दो युवकों को गंभीर चोटें पहुंची हैं, जिनका इलाज गोटेगांव स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है।

### यह है मामला

आजाद वार्ड के पास बैलहाई बाजार में शादी समारोह का कार्यक्रम था। इसमें बताया जा रहा है, कि रात करीब 11.12 बजे रचित सिलावट से किसानी मुहल्ला निवासी एवं दीपक सिलावट ने पानी मांगा, इसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी हो गई, बात सुलझी नहीं और गाली, गलौच के साथ ही देखते ही देखते दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। यह देखकर मेहमानों में भगदड़ मच गई। मारपीट में एक पक्ष से टीकाराम सिलावट, अमित सिलावट, रचित सिलावट, अखलेश सिलावट, जितेंद्र उर्फ कैलाश सिलावट घायल हुए, वहीं दूसरे पक्ष से जय सिलावट, प्रमोद सिलावट, लखन सिलावट, मुकेश सिलावट को चोट पहुंची है। दोनों पक्षों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र इलाज के लिए लाया गया। जिसके बाद दोनो पक्षों में घायल गंभीर प्रमोट सिलावट और जय सिलावट, टीकाराम सिलावट, जितेंद्र सिलावट को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया है। वही किसानी मुहल्ला निवासी जितेन्द्र सिलावट पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई ।

### 16456 मतदाता पहली बार करेंगे मतदान

**तेंदूखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के तहत विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत 5817 मतदाता तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 4995 मतदाता और गाडरवारा के अंतर्गत 5644 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 184 क्रिटिकल मतदान केंद्र

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र होशंगाबाद के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत 12 शहरी 43 ग्रामीण सहित कुल 55 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 2 शहरी तथा 61 ग्रामीण सहित कुल 63 केंद्र और गाडरवारा के अंतर्गत 16 शहरी 50 ग्रामीण सहित कुल 66 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किया गया है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, प्रत्येक वाहन में जीपीएस-** वाहन किए गए अधिग्रहित

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल के साथ पुलिस दल भी तैनात रहेगा। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दलों को लेकर जाने वाले प्रत्येक वाहनों में जीपीएस लगाया गया है।

# होटल पर काम करने वाले का बेटा प्रदेश की टॉप 10 सूची में

तेंदूखेड़ा





गत दिवस घोषित हुये हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा मे तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम डोभी के ज्ञान भूमि पब्लिक स्कूल के छात्र आकाश पिता गोविंद पटेल गोलू ने हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा मे प्रदेश की टॉप 10 सूचि मे अपना नाम दर्ज कराते हुये 10 वां स्थान प्राप्त किया है। आकाश एक सामान्य परिवार का छात्र है जिसके पिता एक ढावे पर काम करके अपने बच्चों का भरण पोषण किया करते है। आकाश दो भाई है छोटा भाई कक्षा 10 वीं मे अध्यनरत है। आकाश पटेल ने 500 में 482 अंक अर्जित कर सभी विषयों मे विशेष योग्यता अर्जित की है। गौरतलब रहे कि पूर्व मे आकाश सरस्वती शिशु मंदिर मे अध्यनरत था। इसकी प्रतिभा को देखते हुये संस्था की संचालन समिति द्वारा हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा की व्यवस्था की गई थी। कक्षा 10 वीं मे भी उसने जिले की सूचि मे अपना नाम दर्ज कराया था। आकाश की इस सफलता पर लोगों ने शुभकामनायें प्रेषित की है। हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुये आकाश ने बताया कि वह आगे इंदौर मे कोचिंग कर आगे की पढ़ाई कर इंजीनिर बनेगा। इसी विद्यालय की कक्षा 10 वीं की छात्रा हेमलता पिता नारायण कुशवाहा ने जिले मे अपना तीसरा स्थान अर्जित किया है। तथा सभी विषयों मे विशेष योग्यता अर्जित की है। विद्यालय परिवार एवं परिजनों ने छात्रा की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये बधाईयां प्रेषित की है।